>

Title: Regarding shifting of Salt Commissioner head office to Morbi in Saurashtra, Gujarat.

श्री मोहनभाई कुंडारिया (राजकोट): माननीय सभापति, मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान दिलाना चाहता हूँ कि भारत में 80 परसेंट नमक का उत्पादन सौराष्ट्र गुजरात में होता है, लेकिन नमक का मुख्यालय जयपुर राजस्थान में कार्यरत है । इसके कारण गुजरात के नमक उत्पादन करने वाले लोगों को जयपुर आना पड़ता है और जयपुर मुख्यालय के अधिकारियों को सौराष्ट्र गुजरात में जाना पड़ता है । इस मुख्यालय को स्थानांतरित करके मोरबी गुजरात में करना चाहिए । पहले भी इस मुख्यालय को स्थानांतरित करने के लिए प्रयत्न हुआ था, लेकिन वह विफल हुआ है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से वाणिज्य मंत्रालय से विनती करता हूँ कि जयपुर राज्स्थान से नमक का मुख्यालय स्थानांतरित करके सौराष्ट्र में करना चाहिए । इस कार्य को करने के लिए मैं आपसे विनती करता हूँ ।